

Shri Neil Herbert Nongkynrih

Shri Neil Herbert Nongkynrih is a Pianist, Composer and Founder/ Director of the Shillong Chamber Choir and is presently the sole representative of India as a member of the World Choir Council.

2. Born on July 09, 1970, in Shillong, Meghalaya, Shri Nongkynrih, at the age of fifteen won his first National Piano Competition and this led to further studies in London, at the Guildhall School of Music and Trinity College. His teachers included one of Britain's foremost pianists, Phillip Fowke and the Viennese pianist, Katharina Wolpe. He came back home to Shillong, India after fourteen years in Europe and founded the Shillong Chamber Choir in 2001.

3. Under Shri Nongkynrih's leadership, the Shillong Chamber Choir has emerged as a group of young artists, singing a whole range of music; from folk to opera, from rock to jazz, blossoming even to Hindustani classical and revamped versions of Indian cinematic music. His band of singers journeyed to China, representing India, where they were awarded three gold awards in the 6th World Choir Games for Musica Sacra, Gospel and Popular Music. They made other overseas tours including Europe, the UK, Canada, USA, South Korea, the Middle East and South East Asia.

4. Shri Nongkynrih and the choir were chosen to perform for US President Barack Obama and Michelle Obama at the Rashtrapati Bhavan during their maiden state visit to India in 2010. In the same year, the nation voted for them as the winners of the television reality show 'India's Got Talent 2010' leading them to further acclaim in mainstream entertainment and season openings for Kaun Banega Crorepati Season 6 and 8 alongside Mr. Amitabh Bachchan. Here the choir sang 'Vande Mataram - I'm So Proud To Be an Indian', a patriotic melody of inclusion written and composed by Shri Nongkynrih.

5. Shri Nongkynrih has contributed to notable social causes such as a collaboration with Ustad Zakir Hussain for 'The Foundation' of which actor Rahul Bose is the founder; performed in 2012 & 2013 at the Gateway of India in remembrance of the 26/11 terror attacks; performed for the Terry Fox Cancer Foundation; sang for 'Saath Hai Hum Uttarakhand'- a Star Plus fund raiser for the Uttarakhand flood relief.

6. As a composer, Shri Nongkynrih has explored the various genres from the most simple to the avant-garde. His folk opera Sohlyngngem which was written with the intention of preserving his native Khasi language has been premiered in Switzerland. Shri Nongkynrih's Shillong Chamber Choir (SCC) is featuring as a study chapter in the English Syllabus of the Indian Certificate of Secondary Education (ICSE) for the year 2013. He is also having a book published by Tate Publishers, USA, entitled the 'The Only Begotten Son', due to be out in 2015.

7. Shri Nongkynrih has been a recipient of numerous awards and honours including India's Got Talent 2010; Forbes Person of the Year 2010-11; the Indian Chamber of Commerce 'Musician of The Year' 2010-11; CNN IBN 'Special Achievement Award' for 'Indian of The Year' 2010-11; BIG TV Awards 'Kalabaaz of The Year' 2011; the Highest State Award conferred on an individual - 'U Tirot Sing Award' 2011; the 5th Mother Teresa Memorial Award for Social Justice '12 for 'Promoting National Integration Through Music'; the Governor of Maryland award for outstanding achievement 2012; the Indo-American Community award for exceptional talent and contribution to the community 2012; Eastern Panorama's 'Achievers Award' for Music in 2013 etc. In 2012, People Magazine recognised him and the choir as 'Heroes of The Month'.



श्री नील हर्बर्ट नोंगकिंरिह

श्री नील हर्बर्ट नोंगकिंरिह एक पियानो वादक, संगीतकार और शिलांग चैम्बर क्वाइअर (गायक-मण्डली) के संस्थापक/निदेशक हैं और सम्प्रति, वर्ल्ड क्वाइअर काउंसिल में एक सदस्य के तौर पर भारत के एकमात्र प्रतिनिधि हैं।

2. आपका जन्म जुलाई 09, 1970 को शिलांग, मेघालय में हुआ। 15 वर्ष की आयु में आपने पहली राष्ट्रीय पियानो प्रतियोगिता जीती और इससे प्रेरित होकर आप आगे के अध्ययन हेतु लंदन में स्थित गिल्डहाल स्कूल ऑव म्यूजिक और त्रिनिटी कॉलिज चले गए। आपके शिक्षकों में ब्रिटेन के अग्रणी पियानो वादक फिलिप फाउके तथा वियना की पियानो वादिका कैथरीना वोल्पे थीं। यूरोप में चौदह वर्षों तक रहने के बाद आप अपने घर शिलांग, भारत लौट आए तथा वर्ष 2001 में शिलांग चैम्बर क्वाइअर की स्थापना की।

3. आपकी अगुवाई में शिलांग चैम्बर क्वाइअर, संगीत की समस्त विधाओं, लोक संगीत से लेकर ओपेरा तक, रॉक से लेकर जैज तक, यहां तक कि हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत तथा भारतीय सिनेमा संगीत के नए-नए रूपों तक को गाने वाले युवा कलाकारों का एक समूह बनकर उभरा। आपकी गायक-मण्डली के गायकों ने भारत के प्रतिनिधि के तौर पर चीन की यात्रा की जहां उन्होंने छठे विश्व क्वाइअर गेम्स में म्यूजिका सैकरा, गॉस्पेल और लोकप्रिय संगीत की श्रेणी में तीन स्वर्ण पदक प्राप्त हुए। उन्होंने इसके साथ यूरोप, यू के, कनाडा, यूएसए, दक्षिण कोरिया, मध्य-पूर्व तथा दक्षिण-पूर्व एशिया सहित विदेशों की अन्य यात्राएं भी कीं।

4. वर्ष 2010 में आपको तथा आपकी गायक-मण्डली को अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा और मिशेल ओबामा के भारत के पहले राजकीय दौरे के दौरान राष्ट्रपति भवन में अपनी कला प्रदर्शित करने के लिए चुना गया। उसी वर्ष पूरे राष्ट्र ने टेलिविज़न रियल्टी शो 'इंडियाज़ गॉट टैलेंट 2010' के विजेता के रूप में आपलोगों के पक्ष में अपना मत दिया, जिससे मनोरंजन की मुख्यधारा में आप लोगों की प्रसिद्धि हुई और कौन बनेगा करोड़पति सीजन 6 और 8 के आरंभिक चरणों में श्री अमिताभ बच्चन के साथ अपना गायन प्रस्तुत किया। यहां इस गायक-मण्डली ने आपके द्वारा रचित तथा संगीतबद्ध देशभक्ति रचना 'वंदे मातरम्-आई एम सो प्राउड टू बी एन इंडियन' को आवाज़ दी।

5. आपने उल्लेखनीय सामाजिक सरोकारों जैसे 'दि फाउंडेशन', जिसके अभिनेता राहुल बोस संस्थापक हैं, के लिए उस्ताद जाकिर हुसैन के साथ, 26/11 के आतंकवादी हमले की स्मृति में गेटवे ऑव इंडिया पर वर्ष 2012 और 2013 में, टेरी फॉक्स कैंसर फाउंडेशन के लिए अपनी कला का प्रदर्शन किया है तथा उत्तराखंड बाढ़ राहत के लिए धनराशि जुटाने के लिए स्टार प्लस की मुहिम 'साथ हैं हम उत्तराखड' के लिए गाना गाया है।

6. संगीतकार के रूप में आपने अत्यंत सरल से लेकर नवोन्मुखी विधाओं तक को छूने का प्रयास किया है। आपने अपनी मूल खासी भाषा के संरक्षण के उद्देश्य से लोक ओपेरा सोहलिंगगम लिखी जिसका प्रीमियर स्विटजरलैंड में हुआ। वर्ष 2013 में इंडियन सर्टिफिकेट ऑव सेकेन्ड्री एडुकेशन (आईसीएसई) ने अंग्रेजी के पाठ्यक्रम में अध्ययन अध्याय के रूप में आपकी शिलांग चैम्बर क्वाइअर को स्थान दिया। टाटे पब्लिशर्स, यूएसए द्वारा आपकी एक पुस्तक 'दि ओनली बिगॉटन सन' भी प्रकाशित की जा रही है, जो वर्ष 2015 में बाज़ार में आएगी।

7. आपके अनेकानेक सम्मान और पुरस्कार प्राप्त हुए हैं, जिनमें इंडियाज़ गॉट टैलेंट 2010, वर्ष 2010-11 में फोर्ब्स पर्सन ऑव दि इयर, इंडियन चैम्बर ऑव कॉमर्स का 'वर्ष का संगीतकार' 2010-11, सीएनएन आईबीएन का 'इंडियन ऑव दि इयर' 2010-11 का 'स्पेशल अचीवमेंट अवॉर्ड, बिग टी वी अवॉर्ड 'कलाबाज़ ऑव दि इयर' 2011, किसी व्यक्ति को दिया जाने वाला सबसे बड़ा राजकीय पुरस्कार-'यू टिरॉट सिंग अवॉर्ड' 2011, संगीत के माध्यम से राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने के लिए सामाजिक न्याय संबंधी 5वां मदर टेरेसा स्मृति पुरस्कार, 2012, असाधारण उपलब्धि के लिए गवर्नर ऑव मैरीलैंड अवॉर्ड 2012, उत्कृष्ट प्रतिभा तथा समुदाय के प्रति योगदान के लिए इंडो-अमेरिकन कम्यूनिटी अवॉर्ड, वर्ष 2013 में संगीत के लिए ईस्टर्न पैनोरमा का 'अचीवर्स अवॉर्ड' आदि शामिल हैं। वर्ष 2012 में पीपल्स मैग्जीन ने आपको तथा गायक-मण्डली को "हीरोज़ ऑव दि मन्थ' के रूप में सम्मानित किया।